**प्रमुख सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित "एअर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी" की दिनांक 06.01.2021 को पूर्वान्ह 10:00 वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।**

सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा सर्वप्रथम प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष, एअर क्वालिटी मॉनिटरिंग कमेटी तथा बैठक में प्रतिभाग किये सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ की गयी। बैठक के दौरान 'ए0क्यू0एम0सी0' के सदस्य अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि तथा गोरखपुर जनपद के संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक के दौरान श्री अनुराग यादव, सचिव नगर विकास विभाग, श्री प्रभुनाथ सिंह, विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग भी उपस्थित थे।

सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में नॉन अटेनमेन्ट नगरों में अतिरिक्त सम्मिलित नगर गोरखपुर की वायुगुणता में सुधार हेतु विभिन्न संबंधित विभागों के सहयोग से कार्ययोजना निर्मित की गयी है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा बैठक मे गोरखपुर नगर की वायुगुणता के सुधार हेतु तैयार की गयी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। गोरखपुर नगर के वायु प्रदूषण हेतु जिम्मेदार कारकों/स्त्रोतों, वायु प्रदूषण में कमी लाये जाने हेतु किये गये उपायों, वायु प्रदूषण के संबंध में निर्मित कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन आदि के दृष्टिगत निम्न बिन्दुओं पर वर्तमान स्थित एवं भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया:—

- गोरखपुर नगर के वायु प्रदूषण के दृष्टिगत बोर्ड द्वारा तैयार की गयी इमीशन इन्वेन्टरी पर विस्तृत चर्चा की गयी, जिसके अर्न्तगत रोड़ डस्ट, निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियां, औद्योगिक, घरेलू, नगरीय ठोस अपशिष्ट, यातायात, वाहनों, हाटमिक्स प्लांट, ईट भट्ठों, डी0जी0 सेट, होटल इत्यादि से जनित वायु प्रदूषण के मात्रात्मक योगदान के संबंध में अवगत कराया गया।
- गोरखपुर नगर में वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु तैयार कार्ययोजना के अर्न्तगत मौसम संबंधी आंकड़ों के आधार पर तैयार किये गये विन्डरोज डायग्राम की मदद से वृक्षारोपण हेतु योजना तैयार की गयी है। योजना का प्रस्तुतीकरण में वर्णन किया गया।
- गोरखपुर नगर में वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु तैयार कार्ययोजना के अर्न्तगत दीर्घकालीन योजनाओं एवं अल्पकालीन योजनाओं को सम्मिलित करते हुए विभिन्न घटकों के कार्यबिन्दुओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। कार्ययोजना के विभिन्न घटक निम्नवत् है:—
  - कैपेसिटी बिल्ड़िग, मॉनीटरिंग नेटवर्क का विकास एवं सोर्स अपोर्सनमेन्ट स्टडी
  - पब्लिक आउटरीच
  - रोड डस्ट एक्टीविटीज
  - निर्माण कार्य
  - वाहन
  - उद्योग
  - अपशिष्ट एवं बायोमॉस का एकत्रण तथा जलाया जाना इत्यादि।

उक्त प्रस्तुतीकरण के उपरान्त नगर आयुक्त, गोरखपुर, उपाध्यक्ष गोरखपुर विकास प्राधिकरण, ए0आर0टी0ओ0, गोरखपुर, मुख्य अभियंता, पी0डब्लू0डी0 गोरखपुर, प्रबंधक (सिविल) गीडा, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गोरखपुर द्वारा प्रगति आख्या के संबंध में सुझाव दिये गये। तत्क्रम में सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त सुझावों को भविष्य में प्रगति आख्या प्रेषित किये जाने के समय शामिल कर लिया जायेगा।

श्री अनुराग यादव, सचिव नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर अधिरोपित/लागू पर्यावरणीय शर्तों के सत्यापन हेतु आन्तरिक अनुश्रवण तंत्र के विकसित किये जाने पर कार्य किया जा रहा है।

**एअर क्वालिटी मॉनीटरिंग कमेटी द्वारा गोरखपुर नगर की वायुगुणता के सुधार हेतु बोर्ड द्वारा विभिन्न संबंधित विभागों के सहयोग से तैयार की गयी कार्ययोजना को अनुमोदित कर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।**

बैठक के अंत में समस्त विषयों पर विस्तृत विचार–विमर्श कर प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–

3. समस्त विभाग कार्ययोजना के अनुसार वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु तैयार किये गये कार्यबिन्दुओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।
4. गोरखपुर नगर हेतु तैयार की गयी कार्ययोजना में सहयोग हेतु गोरखपुर विश्वविद्यालय को रिसोर्स सेन्टर बनाया जाये तथा संबंधित आंकड़ो को एकत्रित किया जाये।

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

**आशीष तिवारी**
विशेष सचिव।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–7**
**संख्या– 22 /81–7–2021–09 (रिट)/2016 टी.सी.**
**लखनऊ : दिनांक : 06 जनवरी, 2021**

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नगर विकास/आवास एवं शहर नियोजन/लोक निर्माण/गृह/परिवहन/अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास/कृषि/उद्यान/खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. आयुक्त, खाद्य एवं आपूर्ति, उ0प्र0 लखनऊ।
3. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा, कानपुर/गीडा, गोरखपुर।
4. प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 लखनऊ।
5. निदेशक, पर्यावरण, उ0प्र0, लखनऊ।
6. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आंचलिक कार्यालय नार्थ जोन, लखनऊ।
7. प्रो0 सच्चिदानन्द त्रिपाठी, आई0आई0टी0, कानपुर।
8. सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।
9. क्षेत्रीय अधिकारी, ईस्ट/वेस्ट, एन0एच0आई0, लखनऊ।
10. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पर्यावरण समिति, गोरखपुर।
11. प्रभागीय वनाधिकारी, गोरखपुर।
12. उपाध्यक्ष, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर।
13. नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर।
14. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–4/5, उ0प्र0 शासन।
15. गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**
**( भरत प्रसाद )**
अनु सचिव।